**बस्तर और रायपुर जिले (म० प्र०) में ग्रामीण विद्युतीकरण योजनाएं**

6306. **श्री अरविन्द नेताम** : क्या **सिंचाई और विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ग्रामीण विद्युतीकरण निगम के विचाराधीन मध्य प्रदेश के बस्तर और रायपुर जिले की ग्रामीण विद्युतीकरण योजनाओं का ब्यौरा क्या है ; और

(ख) इस बारे में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

**सिंचाई और विद्युत मन्त्रालय में उप-मंत्री (श्री बैजनाथ कुरील)** : (क) और (ख). मध्य प्रदेश बिजली बोर्ड ने रायपुर और बस्तर जिलों के सम्बन्ध में ग्राम विद्युतीकरण निगम को ऋण सहायता के लिए पाच ग्राम विद्युतीकरण स्कीमें पेश की थी। निगम ने रायपुर जिले की दो ऐसी स्कीमों को स्वीकृत किया है जिनमें 141 ग्रामों और 6552 पम्पसेटों का विद्युतीकरण और 120 लघु उद्योगों को विद्युत सप्लाई के लिए 138 875 लाख रुपये की ऋण सहायता सम्मिलित है। शेष तीन स्कीमें, दो रायपुर जिले की और एक बस्तर जिले की निगम द्वारा बनाए गए मापदण्ड के अनुसार नहीं हैं और इसलिये इनको मध्य प्रदेश बिजली बोर्ड के पास सशोधन के लिए वापस कर दिया गया। संशोधित स्कीमों के निगम मे प्राप्त होने पर उनकी निगम द्वारा बनाए गए मापदण्ड के अनुसार जांच की जाएगी और इन्हें मध्य प्रदेश तथा अन्य राज्य बिजली बोर्डों की ऐसी स्कीमों की स्वीकृति के लिए धन की उपलभ्यता पर निर्भर करते हुए स्वीकृति के लिए अलग-अलग हाथ में लिया जाएगा।

**Ticketless Travelling on Railways**

6307. SHRI C. K. CHANDRAPPAN : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) the names of the States where ticketless travel has reached an alarming dimension ;

(b) whether State Governments are co-operating with the Railway Administration in taking effective measures to curb this practice ; and

(c) the steps Central Government have taken to stop this evil ?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI K. HANUMANTHAIYA) : (a) Statistics of ticketless travel are maintained railwaywise and not statewise As such, names of the States, where ticketless travel has reached an alarming dimension, are not available.

(b) Yes.

(c) A statement is laid on the Table of the House. [*Placed in Library. See* No LT—2039/72]

**Rail link with Bangladesh**

6308. SHRI C. K. CHANDRAPPAN : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether India has set up Rail links with Bangla Desh ; and

(b) if so, a brief description thereof ?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI K. HANUMANTHAIYA) : (a) Yes.

(b) The following links have been established :—

(i) Benapole-Jessore-Khulna.
(ii) Gede-Darsana, Kusthia-Goalando.
(iii) Maishasan—Latu.
(iv) Radhikapur—Biral—Parbatipur ;
(v) Gitaldah—Mogalhat —Lalmonirhat

**Slow implementation of Jute Agreement with Bangladesh**

6309. SHRI C. K. CHANDRAPPAN : Will the Minister of FOREIGN TRADE be pleased to state :

(a) whether the jute trade at Government level as stipulated in the Indo-Bangladesh Trade Agreement is taking place at a very slow face ; and

(b) if so, the reasons therefor ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FOREIGN TRADE (SHRI A. C. GEORGE) : (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

## कोटा डिवीजन रेलवे के निकट खाली पड़ी रेलवे भूमि

6310. श्री ओंकार लाल बेरवा : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय कोटा डिवीजनल रेलवे के निकट रेलवे की कितनी खाली भूमि पर खेती की जा रही है ;

(ख) अब रेलवे द्वारा प्रति बीघा क्या रेट वसूल किया जा रहा है और पहले रेट क्या था ;

(ग) क्या शास्त्री अवार्ड के अनुसार कुछ मुआवजा अदा करने पर रेल कर्मचारियों को इस भूमि को जोतने की अनुमति दी जाती है और क्या इस मुआवजे की दर बढ़ाकर 190 रु० प्रति बीघा कर दी गई है ; और

(घ) यदि हां, तो मुआवजे की दर बढ़ाने के क्या कारण है ?

रेल मन्त्री (श्री के० हनुमन्तैया) : (क) संभवतः माननीय सदस्य का आशय कोटा रेलवे स्टेशन और कालोनी की परती जमीन से है। यदि हां, तो रेलवे की जितनी जमीन पर खेती हो रही है उसका कुल क्षेत्रफल 141.50 एकड़ है।

(ख) रेलवे द्वारा प्रति एकड़ बीस रुपया या भूमि की लगान के पांच गुना में से जो भी रकम कम हो, लाइसेंस फीस ली जाती है। लाइसेंस फीस में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

(ग) इस मन्त्रालय को शास्त्री पंच निर्णय की कोई जानकारी नहीं है। लाइसेंस फीस उपर्युक्त भाग (ख) के उत्तर के अनुसार ली जाती है।

(घ) प्रश्न नही उठता ।

## कासगंज तथा कायमगंज स्टेशनों पर लखनऊ एक्सप्रेस के लिए स्लीपर डिब्बों का कोटा

6311. श्री महा दीपक सिंह शाक्य : क्या रेल मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या लखनऊ एक्सप्रेस में कासगंज जंक्शन तथा कायमगंज स्टेशन के लिए स्लीपर डिब्बों का समान कोटा निर्धारित किया गया है ;

(ख) क्या कायमगंज की अपेक्षा कासगंज से इस गाड़ी मे अधिक यात्री बैठते है ;

(ग) क्या कासगज से गाड़ी में बैठने वाले बहुत से यात्रियों की स्लीपर-बर्थों की अनुपलब्धता के कारण स्लीपर-बर्थ की सुविधाओं से वंचित रहना पड़ता है ; और

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार कासगज के लिए स्लीपर-बर्थों का कोटा बढ़ाने का है ?

रेल मंत्री (श्री के० हनुमन्तैया) : (क) आगरा किला से लखनऊ जं० तक चलने वाली 14 डाउन आगरा एक्सप्रेस में कासगंज और कायमगंज स्टेशनों के लिए तीसरे दर्जे की दो-दो शायिकाओं का कोटा आवंटित हैं।

(ख) जी हां।

(ग) जी नही ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

## गंगा-कावेरी लिन्क के बारे में संयुक्त राष्ट्र संघ दल का प्रतिवेदन

6312. श्री महा दीपक सिंह शाक्य :
श्री जी० वाई० कृष्णन :

क्या सिंचाई और विद्युत मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गंगा से कावेरी को जोड़ने वाले प्रस्तावित राष्ट्रीय जल ग्रिड की तकनीकी-आर्थिक संभावना के बारे में संयुक्त राष्ट्र संघ